# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

आशा माहेश्वरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
M : 98291 14437

मंजू बांगड़
राष्ट्रीय महामंत्री
M : 93361 17968, 94151 33669


# "ध्यान योग"

## अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के द्वादश सत्र की द्वितीय कार्यसमिति बैठक ध्यान योग का कार्य वृतांत

दिनांक १२ १३ १४ सितंबर — स्थान जूम सभागार

### –उदघाटन सत्र–

३ दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक ध्यान योग का उद्घाटन १२ सितंबर को समाज के सम्मानीय अतिथियों की उपस्थिति में जूम सभागार में किया गया। भगवान उमा महेश के वंदन एवं दीप प्रज्वलन के बाद सभा का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती मंजू बांगड़ द्वारा किया गया।

स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती आशा जी माहेश्वरी द्वारा दिया गया। आपने कहा.... की ध्यान योग के महकते हुए गुलशन में सेवा त्याग सदाचार की खुशबू बिखेर रहे आप सब की उपस्थिति इस वर्चुअल आंगन को अलकृत कर रही है। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन विगत 44 वर्षों से सेवा कार्य कर रहा है जो वट वृक्ष बन चुका है,जिसकी पल्लवित और पुष्पित शाखाएं संपूर्ण भारतवर्ष में ही नहीं अपितु विदेशों में भी संस्कार और संस्कृति को विकसित कर रही है। द्वादश सत्र का शुभारंभ सोमनाथ नगरी से हुआ था और भगवान श्री कृष्ण जो सृष्टि के महानायक हैं उनके द्वारा दिए गए सार्वभौमिक संदेश को अपनाते हुए आज की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर देखते हुए सामाजिक गतिविधियों को संगठन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। एवं समाज के कोरोना प्रभावित परिवारों का विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है।

तत्पश्चात महामंत्री श्रीमती मंजू बांगड़ ने संगठन द्वारा अब तक किए गए सामाजिक कार्यों का, सेवा गतिविधियों का लेखा–जोखा सचिव प्रतिवेदन के रूप में अपनी विशेष काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया जिसकी सराहना सभी उपस्थित श्रेष्ठ एवं विशिष्ट अतिथियों ने की। आपने बताया कि द्वादश


17, 'रघुकुल' प्रताप नगर,
दादाबाड़ी, कोटा–9 (राज.)
mail : ashamaheshwari21@gmail.com

बांगड़ हाऊस, 128/585, K-Block,
किदवई नगर, कानपुर – 11 (उ.प्र.)
mail : manjubangur19@gmail.com

# "ध्यान योग"

सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा कर्मण्एवाधिकारस्ते आह्वान को साकार करते हुए १० समितियों के माध्यम से कार्य किए जा रहे हैं और मात्र ६ माह में संगठन ने दो स्वर्णिम कीर्तिमान बनाकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रीय संगठन के आवाहन पर सभी २७ प्रदेशों के सामूहिक प्रयासों से एकत्रित सहयोग राशि के माध्यम से पीएम केयर्स फंड में रु ११००००० की राशि दी गई तथा रु५००००० का एक आपदा फंड भी बनाया गया जिसके माध्यम से समाज के आपदा ग्रस्त परिवारों की आर्थिक सहायता की जा रही है।

संगठन की संरक्षिका मां रतनी देवी जी काबरा ने राष्ट्रीय संगठन के द्वादश सत्र के मंजुल आशा के कुशल नेतृत्व के प्रति हर्ष जताते हुए और भविष्य की सुखद कल्पना के साथ आशीर्वचन कहे।

विशिष्ट अतिथि पश्चिमांचल उपाध्यक्ष श्री राजेश कृष्ण जी बिरला ने महिला संगठन द्वारा इस कोरोना पेंडेमिक के दौरान भी महिला संगठन द्वारा संपन्न कई गुणात्मक रचनात्मक कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम के विशेष भाग में श्री राम मंदिर निर्माण आंदोलन में सम्मिलित ८ माहेश्वरी बहनों का शौर्य स्मृति सम्मान भेंट कर अभिनंदन किया एवं उनके योगदान को स्मरण कर नमन किया जो निम्नलिखित है:-

श्रीमती अंजना माहेश्वरी तथा श्रीमती रेखा माहेश्वरी (सिकंदराराऊ) श्रीमती सोमवती जाखेटिया, श्रीमती सुधा जाजू , श्रीमती कुसुम देवी, श्रीमती गणेश काकानी (कासगंज) श्रीमती बीना माहेश्वरी (हाथरस) एवं श्रीमती रेखा माहेश्वरी (मीरापुर) जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की वर्तमान में उपाध्यक्ष है।

व्यक्तित्व विकास एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण समिति की राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती नम्रता बियानी ने कार्यकर्ता प्रशिक्षण पुस्तक कर्मपथ का विमोचन तकनीकी विधा से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती आशा महेश्वरी एवं महामंत्री श्रीमती मंजू बांगड़ द्वारा करवाया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता श्री रमाकांत जी बाल्दी IAS CHAIRMAN RERA हिमांचल प्रदेश ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशासनिक सेवाओं में केरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के सभापति जी श्री श्याम जी सोनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी तथा महामंत्री मंजू बांगड़ को तथा समस्त पदाधिकारियों

## "ध्यान योग"

एवं संगठन की कार्यसमिति सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि लॉकडाउन के पीरियड में भी बहनों ने समय का उपयोग करते हुए टेक्नोलॉजी के माध्यम से निरंतर अपनी सामाजिक कार्यक्रमों को जारी रखा तथा सामूहिक प्रयासों से समाज के सभी वर्गों को सहायता पहुंचाई। कोरोना के संक्रमण काल में माहेश्वरी परिवारों में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसकी विस्तृत जानकारी दी तथा महिला संगठन द्वारा दिए गए पीएम केयर्स फंड में ११००००० रुपए की राशि तथा ५००००० से आपदा फंड बनाया जो कोरोना से प्रभावित परिवारों की सहायता के उद्देश्य से बनाया गया है की विशेष रूप से सराहना की। ९महीने के अल्पकाल में ही दसों समितियों के माध्यम से महिला संगठन द्वारा किए गए कार्य एवं दो गोल्डन रिकॉर्ड बनाने की विशेष रुप से बधाई दी।

महिला संगठन की समितियों बाल विकास एवं किशोरी विकास समिति, साहित्य समिति, पर्व एवं सांस्कृतिक समिति, महिला अधिकार एवं सशक्तिकरण समिति, समिति तथा पारिवारिक समरसता एवं स्वास्थ्य समिति द्वारा संयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी ई सर्टिफिकेट के रूप में वितरित किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी माहेश्वरी ने संपूर्ण कार्यक्रम की विवेचना की एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती मंजू बांगड़ ने संपूर्ण कार्यक्रम का सुंदर संचालन करते हुए आभार ज्ञापित किया।

इस बैठक में सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सभी आंचलिक तथा राष्ट्रीय पदाधिकारी गण, राष्ट्रीय समिति प्रभारी, सह प्रभारी, सभी कार्यसमिति सदस्य, २७ प्रदेशों के अध्यक्ष व सचिव तथा गणमान्य बहनों ने अपनी सहभागिता से सफल बनाया ।

मंजू बांगड़
राष्ट्रीय महामंत्री
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन


शौर्य स्मृति सम्मान समारोह
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन
"ध्यान योग"
कार्यसमिति बैठक
श्रीमती गणेश कांकाणी
राम मन्दिर निर्माण आन्दोलन
में आपके उल्लेखनीय योगदान हेतु
शौर्य स्मृति सम्मान
से अलंकृत कर
संस्था अपने को गौरवान्वित अनुभव करती है।
आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ
श्रीमती आशा माहेश्वरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
12 सितम्बर, 2020
श्रीमती मंजू बांगड़
राष्ट्रीय महामंत्री
श्रीमती बीना माहेश्वरी
श्रीमती अंजना माहेश्वरी
श्रीमती कुसुम देवी
श्रीमती रेखा माहेश्वरी
श्रीमती सुधा जाजू
श्रीमती रेखा माहेश्वरी
श्रीमती सोमवती जाखेटिया



राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक
श्रीमती मंजू बांगड़
राष्ट्रीय महामंत्री
राष्ट्रीय अध्यक्ष